# Weekly Test

## 100 Que.



**KHAN GLOBAL STUDIES**

Most Trusted Learning Platform

+91 875 735 4880 www.khanglobalstudies.com

01. दिल्ली सल्तनत के किस वंश ने सबसे कम समय तक शासन किया?
(a) खिलजी (b) तुगलक (c) सैय्यद (d) लोदी

02. आइन-उल-मुल्क मुल्तानी ने इनमें से किस शासक के अधीन सेवा नहीं की थी?
(a) अलाउद्दीन खिलजी (b) मुहम्मद बिन तुगलक
(c) फिरोज तुगलक (d) इल्तुतमिश

03. निम्नलिखित में से किस प्रथा की शुरुआत राजपूतों के समय में हुई?
(a) सती प्रथा (b) बाल विवाह
(c) जौहर प्रथा (d) इनमें से किसी की नहीं

04. निम्नलिखित मध्यकालीन विद्वानों/लेखकों में कौन जैन धर्म का अनुयायी था?
(a) मालघर बसु (b) हेमचंद्र सूरी
(c) पार्थसारथी (d) सायण

05. मजिस्ट्रेटों की अधिकारिता एवं ईस्ट इण्डिया कम्पनी द्वारा स्थापित दण्ड न्यायालयों से यूरोपीय समुदाय को प्रदत्त छूट को रद्द करने के लिए बिल कम प्रस्तावित हुआ था।
(a) 1849 (b) 1861 (c) 1879 (d) 1883

06. 1784 के पिट के ऐक्ट द्वारा क्या लक्षित था?
(a) इंग्लिश ईस्ट इण्डिया कम्पनी पर किसी तरह का नियंत्रण लागू करना
(b) ईस्ट इण्डिया कम्पनी की सशस्त्र सेना में कमी करना।
(c) कम्पनी के व्यापारिक अधिकारों को पटाना।
(d) बिना किसी राजनीतिक प्राधिकरण के कम्पनी को एक व्यवसायी फर्म में परिवर्तित करना ।

07. चीन के साथ व्यापार करने के कम्पनी के एकाधिकार का निम्नलिखित ऐक्ट के द्वारा उन्मूलन हुआ था।
(a) 1793 (b) 1813 (c) 1833 (d) 1853

08. 1858 से भारत में वित्तीय प्रशासन का सर्वोपरि नियंत्रण निम्नांकित में निहित था।
(a) भारत में सुप्रीम गवर्नमेंट, (b) ब्रिटिश पार्लियामेंट
(c) इंग्लैण्ट में बोर्ड ऑफ कण्ट्रोल
(d) काउन्सिल सेक्रेटरी ऑफ स्टेट

09. सिविल सेवा के लिए प्रतिस्पर्धा परीक्षा की व्यवस्था सिद्धांत रूप में निम्नांकित वर्ष में स्वीटर की गयी थी।
(a) 1833 (b) 1853 (c) 1858 (d) 1882

10. 1892 के इण्डियन काउन्सिल ऐक्ट के विषय में निम्नांकित कौन सी वक्तव्य सही है?
(1) इसने सुप्रीम काउन्सिल के लिए अतिरिक्त सदस्यों की संख्या अधिकतम 16, बम्बई, मद्रास एवं बंगाल की लेजिस्लेटिव काउन्सिल के लिए 20 और पश्चिमी प्रांद्रों एवं अवध के लिए 15 तक बढ़ा दी।
(2) इसने विधान परिषद् के लिए सीधे चुनाव के सिद्धांत विषयक कांग्रेस की माँग को स्वीकार कर लिया।
(3) इसने विधान परिषदों के सदस्यों को बजट पर बहस करने का अधिकार प्रदान किया।
(4) इसने विधान परिषदों के सदस्यों को सार्वजनिक हित के मुद्दों पर प्रश्न पूछने के अधिकार को स्वीकार किया।
**नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए।**
(a) 1, 2, 3 (b) 1, 3, 4 (c) 2, 3, 4 (d) 1, 2, 4

11. प्रांतीय स्वायत्तता की शुरुआत किस अधिनियम के द्वारा हुई?
(a) 1909 (b) 1919
(c) 1935 (d) इनमें से कोई नहीं।

12. बराबर की गुफाओं का उपयोग किसने आश्रयगृह के रूप में किया?
(a) आजीवकों ने (b) थारुओं ने
(c) जैनों ने (d) तांत्रिकों ने

13. उत्तर प्रदेश में बौद्ध एवं जैनियों दोनों की प्रसिद्ध तीर्थस्थली है–
(a) सारनाथ (b) कौशाम्बी
(c) कुशीनगर (d) देवीपाटन

14. निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही नहीं है?
(a) श्रवणबेलगोला स्थित गोमतेश्वर की प्रतिमा जैनियों के अंतिम तीर्थंकर को दर्शाती है।
(b) भारत का सबसे बड़ा बौद्ध मठ अरुणाचल प्रदेश में है।
(c) खजुराहो के मंदिर चंदेल राजाओं द्वारा बनवाए गए।
(d) होयसलेश्वर मंदिर को समर्पित है।

15. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–

| **सूची-I (आचार्य)** | **सूची-II (सिद्धांत)** |
|---|---|
| A. लकुलीश | 1. आजीवक |
| B. नागार्जुन | 2. शून्यवाद |
| C. भद्रबाहु | 3. पाशुपत |
| D. गोसाल | 4. जैन |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (b) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

16. पंखे के नीचे बैठा व्यक्ति ठंडक महसूस करता है अगर थर्मामीटर पंखे के नीचे रख दिया जाए, तो वह कितना ताप दर्शाएगा?
(a) यह उच्च दर्शाएगा
(b) यह केवल कमरे का तापमान बताएगा
(c) यह कम तापमान बनाएगा
(d) कुछ कहना सम्भव नहीं है

17. कार्बन मोनोक्साइड के समइलेक्ट्रॉनी (isoelectronic) आयन है-
(a) $CN^-$ (b) $O_2^+$ (c) $O_2^-$ (d) $N_2^+$

18. वास्तविक गैसें निम्नलिखित ताप एवं दाब पर आदर्श गैस नियमों का पालन करती है–
(a) उच्च दाब और निम्न ताप
(b) निम्न दाब और उच्च ताप
(c) उच्च दाब और उच्च ताप
(d) निम्न दाब एवं निम्न ताप

19. तीन बाह्य अपूर्ण कोश वाला तत्व है–
(a) संक्रमण तत्व (b) प्रतिनिधि तत्व
(c) आन्तरिक संक्रमण तत्व (d) ब्लॉक तत्व

20. एक तत्व जिसका परमाणु क्रमांक 20 है आवर्त सारणी के किस समूह में रखा जायेगा?
(a) 4 (b) 3
(c) 2 (d) 1

21. किसी वर्ग में परमाणु क्रमांक बढ़ने के साथ-साथ आयनन ऊर्जा-
(a) बढ़ती है (b) घटती है
(c) अप्रभावित रहती है (d) अनिश्चित है

22. कौन-सी विशेषता वैद्युत संयोजी यौगिकों में नहीं पायी जाती-
(a) इनके गलनांक तथा क्वथनांक अधिक होते है
(b) ये ध्रुवीय यौगिक होते है
(c) जल में विलेय होते है
(d) कार्बनिक विलयकों में विलेय होते है

**23.** एक वस्तु त्रिज्या R के वृत्त की परिधि पर गतिशील है। जब यह परिधि का का 3/4 वां भाग तय कर लेती है तब वस्तु का विस्थापन क्या है?

(a) $3R$ (b) $3/4\pi R$ (c) $3/2\pi R$ (d) $\sqrt{2}R$

**24.** संवेग परिवर्तन की दर है

(a) त्वरण (b) बल (c) संवेग (d) आवेग

**25.** पिक्रिक एसिड है-

(a) 2, 4, 6-ब्रोमोफिनॉल (b) 2, 4, 6-ट्राइ नाइट्रोफिनॉल
(c) ट्राइ नाट्रोफिनॉल (d) 2, 4, 6 ट्राइ नाइट्रोटॉलूईन

**26.** एक तत्व जो सभी कार्बनिक यौगिकों का आवश्यक अवयव है, संबंधित है

(a) समूह 1 से (b) समूह 14 से
(c) समूह 15 से (d) समूह 16 से

**27.** निम्नलिखित में से कौन-से एक तत्व के समस्थानिकों के अभिलक्षण हैं?

1. एक तत्व के समस्थानिकों के परमाणु भार समान होते हैं।
2. एक तत्व के समस्थानिकों के परमाणु क्रमांक समान होते हैं।
3. एक तत्व के समस्थानिकों के भौतिक गुण समान होते हैं।
4. एक तत्व के समस्थानिक समान रासायनिक गुण प्रदर्शित करते हैं।

(a) 1, 3 तथा 4 (b) 2, 3 तथा 4
(c) 2 तथा 3 (d) 2 तथा 4

**28.** दूर दृष्टि दोष के निवारण में प्रयुक्त किया जाता है।

(a) निश्चित फोकस दूरी का-अवतल लेंस
(b) निश्चित फोकस दूरी का-उत्तल लेंस
(c) किसी भी फोकस दूरी का उत्तल लेंस
(d) किसी भी फोकस दूरी का अवतल लेंस

**29.** अभिक्रिया $MgO + CO \rightarrow Mg + CO_2$ में, किस पदार्थ का ऑक्सीकरण होता है?

(a) कार्बन डाईऑक्साइड (b) कार्बन मोनोऑक्साइड
(c) मैग्नीशियम ऑक्साइड (d) मैग्नीशियम

**30.** भारतीय परिवहन के संदर्भ में विचार कीजिये–

1. BRO की स्थापना मार्च 1963 में की गयी।
2. BRO द्वारा भारत सहित विदेशों में भी सड़क निर्माण कार्य किया जाता है।
3. पूर्व-पश्चिम गलियारे की लंबाई 4016 Km है।

**उपर्युक्त कथनों में से सत्य नहीं है?**

(a) केवल 2 (b) केवल 1 व 2
(c) केवल 1 व 3 (d) 1, 2 व 3

**31.** अभ्रक के संदर्भ में कौनसा कथन सत्य नहीं है–

1. इसका उपयोग इलेक्ट्रॉनिक उद्योग में किया जाता है।
2. हजारीबाग पठार के दक्षिण में उच्च गुणवक्ता का अभ्रक प्राप्त होता है।
3. नेल्लोर (आंध्रप्रदेश) में सर्वोत्तम गुणवत्ता का अभ्रक प्राप्त होता है।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) केवल 1 व 2 (d) 1, 2 व 3

**32.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. केप वर्दे द्वीप विश्व में लॉगरहेड कछुओं की सबसे बड़ी आबादी के केंद्रों में से एक है।
2. लॉगरहेड कछुए भारत में नहीं पाए जाते हैं।
3. लॉगरहेड कछुओं का लिंग तापमान द्वारा निर्धारित होता है।

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1,2 और 3

**33.** निम्नलिखित में से कौन उत्तरी अमेरिका के अंत: पर्वतीय पठार हैं?

1. अलास्का पठार 2. कोलंबिया पठार
3. कोलोरैडो पठार 4. मेक्सिको पठार

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-**

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 4
(c) केवल 1, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**34.** उष्णकटिबंधीय वर्षावन की प्राकृतिक बनस्पति की अत्यधिक वृद्धि के कारण

1. उपजाऊ मृदा है।
2. वर्ष भर उष्ण और नम जलवायु है।
3. प्रकाश संश्लेषण के लिये सूर्य का तीव्र प्रकाश है।
4. पोषकों के अवशोषण के लिये मौसमी परिवर्तन है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-**

(a) केवल 1 और 4 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1, 2 और 3 (d) 1.2, 3 और 4

**35.** अंजीर व जैतून की कृषि की जाती है?

(a) भूमध्यरेखीय क्षेत्रों में (b) हिमालयी क्षेत्र में
(c) मरूस्थलीय क्षेत्र में (d) इनमें से काई नहीं

**36.** स्वेज नहर के संदर्भ में कौन सा कथन सही नहीं है?

(a) इसकी गहराई 5 से 12 मीटर है।
(b) कुल लंबाई 160 किलोमीटर है।
(c) उत्तरी सिरा पोट सईद है।
(d) इनमें से कोई नहीं।

**37.** 'नक्षत्र' कहा जाता है?

(a) तारों के समूह को (b) ग्रहों के समूह को
(c) सौरतंत्र बाह्य ग्रहों को (d) A व B दोनों

**38.** पाँगांग त्सो झील, जिससे होकर भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) गुजरती है, स्थित है?

(a) अरुणाचल प्रदेश में (b) सिक्किम में
(c) हिमाचल प्रदेश में (d) लद्दाख में

**39.** निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?

1. चिल्का झील दया नदी के मुहाने पर स्थित एक खारे पानी की अनूप झील (लैगून) है।
2. चिल्का झील भारत की सबसे बड़ी तटीय अनूप झील है।
3. चिल्का झील को रामसर आर्द्रभूमि के रूप में घोषित किया गया है।

**कूट:**

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) 1,2 और 3

**40.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. दक्षिणी भारत से उत्तरी भारत की ओर मानसून की अवधि घटती है।
2. उत्तरी भारत के मैदानों में वार्षिक वृष्टि की मात्रा पूर्व से पश्चिम की ओर घटती है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**41.** 50 से अधिक देशों द्वारा समर्थित संयुक्त राष्ट्र का मौसम परिवर्तन समझौता कब प्रभावी हुआ?

(a) मार्च 21, 1994 को (b) मई 21, 1995 को
(c) जून 21, 1996 को (d) जून 21, 1999 को

**42.** 'रैट होल माइनिंग' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. यह राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (NGT) द्वारा प्रतिबंधित है।
2. इसमें पहाड़ी ढलानों पर संकीर्ण सुरंगों की खुदाई शामिल है।
3. यह श्रमिकों के लिये खनन के सबसे अधिक उत्पादक व सुरक्षित तरीकों में से एक है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) 1,2 और 3 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) केवल 3

**43.** अम्ल वर्षा किनके द्वारा होने वाले पर्यावरण प्रदूषण के कारण होती है?

(a) कार्बन डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन
(b) कार्बन मोनोऑक्साइड और कार्बन डाइऑक्साइड
(c) ओजोन और कार्बन डाइऑक्साइड
(d) नाइट्रस ऑक्साइड और सल्फर डाइऑक्साइड

**44.** क्षेत्रफल की दृष्टि से बिहार के 2 सबसे बड़े जिले हैं?

(a) पूर्वी चंपारण, रोहतास (b) पश्चिमी चंपारण, रोहतास
(c) गया, पश्चिमी चम्पारण (d) गया व रोहतास

**45.** हमने ब्रिटिश मॉडल पर आधारित संसदीय लोकतंत्र को अपनाया है, किंतु हमारा मॉडल उस मॉडल से किस प्रकार भिन्न है?

1. जहाँ तक विधि-निर्माण का संबंध है, ब्रिटिश संसद सर्वोपरि अथवा संप्रभु है, किंतु भारत में संसद की विधि-निर्माण की शक्ति परिसीमित है।
2. भारत में, संसद के किसी अधिनियम के संशोधन की संवैधानिकता से संबंधित मामले उच्चतम न्यायालय द्वारा संविधान पीठ को भेजे जाते हैं।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-**

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**46.** कोई भी नई अखिल भारतीय सेवा किसके द्वारा सृजित की जा सकती है?

(a) प्रधानमंत्री के किसी आदेश द्वारा
(b) राज्यसभा के किसी प्रस्ताव द्वारा
(c) लोकसभा के किसी प्रस्ताव द्वारा
(d) राष्ट्रपति के किसी आदेश द्वारा

**47.** सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. इस योजना की शुरुआत 2014 में हुई थी।
2. यह योजना सांसदों को उनके निर्वाचन क्षेत्रों में स्थानीय जरूरतों के आधार पर टिकाऊ सामुदायिक परिसंपत्तियों के निर्माण के लिये कार्यों की सिफारिश करने में सक्षम बनाती है ताकि पेयजल, शिक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य, स्वच्छता, सड़क आदि क्षेत्रों में कार्य किया जा सके।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो। और न ही 2

**48.** भारत के संविधान की उद्देशिका के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

(a) उद्देशिका, संविधान का एक अंश है।
(b) इसमें संविधान के उद्देश्य का उल्लेख है।
(c) 1976 में उद्देशिका में समाजवादी शब्द जोड़ा गया था।
(d) शब्द 'पंथनिरपेक्ष' सदैव उद्देशिका का एक अंश था।

**49.** निम्नलिखित को 'संविधान की प्रस्तावना' में अंतर्लिखित क्रमानुसार व्यवस्थित कीजिये-

1. समता 2. स्वतंत्रता 3. बंधुत्व 4. न्याय

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(a) 2-1-3-4 (b) 4-2-1-3
(c) 4-1-2-3 (d) 2-3-4-1

**50.** भारत के महान्यायवादी के बारे में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

1. वह भारत सरकार का पहला विधि अधिकारी होता है।
2. वह एक संसद सदस्य के विशेषाधिकारों के लिये हकदार होता है।
3. वह सरकार के लिये एक पूर्णकालिक वकील (काउंसेल) होता है।
4. उसकी अर्हताएँ वही होनी चाहिये, जो उच्चतम न्यायालय का एक न्यायाधीश बनने के लिये आवश्यक होती हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये।

(a) 1, 2 और 3 (b) 2 और 4
(c) केवल 3 (d) केवल 1

**51.** सर्वोच्च न्यायालय के नवीनतम फैसले के अनुसार सशस्त्र बल न्यायाधिकरण (ए. एफ. टी.) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

(a) उच्च न्यायालय ए. एफ. टी. के फैसले के विरुद्ध रिट याचिकाओं पर विचार नहीं कर सकता है।
(b) उच्च न्यायालय ए. एफ. टी. के फैसले के विरुद्ध रिट याचिकाओं पर विचार कर सकती है।
(c) उच्च न्यायालय ए. एफ टी. के फैसले के विरुद्ध रिट याचिकाओं पर मेजर से नीचे के पदाधिकारियों से सम्बन्धित मामलों पर विचार कर सकती है।
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**52.** निम्नलिखित में से कौन काले धन पर भारत सरकार द्वारा गठित विशेष जाँच दल के प्रमुख हैं?

(a) न्यायामूर्ति एच. एल. दत्तू (b) न्यायामूर्ति एम. बी. शाह
(c) न्यायमूर्ति अल्तमस कबीर (d) न्यायमूर्ति राजमणि चौहान

**53.** भारत में राज्यों के पुनर्गठन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/ से कथन सही है/हैं?

1. घर आयोग ने 16 राज्यों एवं 3 संघ राज्यक्षेत्रों के निर्माण की संस्तुति की।
2. राज्य पुनर्गठन अधिनियम (1956) तथा 7वें संविधान संशोधन अधिनियम (1956) के तहत 1 नवंबर, 1956 को सरकार ने 14 राज्यों एवं 6 संघ राज्यक्षेत्रों का गठन किया।
3. फजल अली आयोग ने राज्यों के पुनर्गठन हेतु भाषायी कारक को पूर्णत: नकारते हुए प्रशासनिक सुविधा को आधार बनाने की संस्तुति की।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-**

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 2 (d) 1, 2 और 3

**54.** न्यायपालिका के अधिकारों के सीमा क्षेत्र के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-से विवाद शामिल होते हैं?

1. देश के नागरिकों के बीच
2. नागरिकों और सरकार के बीच
3. दो या दो से अधिक राज्य सरकारों के बीच
4. केंद्र और राज्य सरकारों के बीच

**कूट:**

(a) केवल 1,2 और 3 (b) केवल 2,3 और 4
(c) 1, 2, 3 और 4 (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

55. निम्न कथनों पर विचार कीजिए-
वित्त आयोग का/के कार्य है/हैं-
1. भारत की संचित निधि से धन निकालने की अनुमति देना।
2. प्राप्त करों को राज्यों में भागों में बाँटना।
3. सहायता अनुदान के लिए राज्यों के आवेदनों पर विचार।
4. संघ सरकार तथा राज्य सरकारें बजट के प्रावधानों के अनुसार करों की उगाही कर रही हैं या नहीं, इसकी देखरेख करना तथा उस पर रिपोर्ट देना।

**इन कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल 1 (b) 2 और 3
(c) 3 और 4 (d) 1, 2 और 4

56. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के अंत में दिये कूट से सही उत्तर चुनिये:

| **सूची-I (संविधान की अनुसूची)** | **सूची-II (विषय)** |
|---|---|
| A. चतुर्थ | 1. भूमि सुधार |
| B. षष्ठम | 2. भाषा |
| C. अष्टम | 3. राज्यसभा |
| D. नवम | 4. जनजातीय क्षेत्र |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

57. निम्नलिखित में से कौन राष्ट्रीय विकास परिषद् का गठन करता है
1. प्रधानमंत्री 2. अध्यक्ष, वित्त आयोग
3. केंद्रीय मंत्रिमंडल के सदस्य
4. राज्यों के मुख्यमंत्री
निम्नलिखित कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन करें:
(a) 1,2 और 3 (b) 1, 3 और 4
(c) 2 और 4 (d) 1,2,3 और 4

58. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:
लोक लेखा संसदीय समिति
1. में लोकसभा के 25 से अधिक सदस्य नहीं होते।
2. सरकार के विनियोग एवं वित्त लेखा की जाँच करती है।
3. महालेखा नियंत्रक एवं परीक्षक के प्रतिवेदन की जाँच करती है।
(a) केवल 1 (b) 2 और 3
(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

59. भारत के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से सिद्धांत संसदीय सरकार पर संस्थागत रूप से लागू होता है। है?
1. मंत्रिमंडल के सदस्य संसद के भी सदस्य होते हैं
2. मंत्री तब तक अपने पद पर बने रहते हैं जब तक कि उनमें संसद का भरोसा रहे।
3. मंत्रिमंडल का मुखिया राज्य का प्रधान होता है।
निम्नलिखित कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन करें:
(a) 1 और 2 (b) केवल 3 (c) 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

60. राज्य के संदर्भ में निम्नलिखित में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–
1. राज्यसभा के सभापति का चुनाव निर्वाचन के बाद होने वाली इसकी प्रथम बैठक में उपस्थित सदस्यों में से किया जाता है।
2. राज्यसभा में किन्हीं भी दो राज्यों की सीटों की संख्या एकसमान नहीं हो सकती।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

61. निम्नलिखित में से कौन भारत सरकार के गैर-योजनागत व्ययों में से हैं?
1. ब्याज भुगतान 2. रक्षा व्यय
3. सब्सिडी 4. पेनियन्स
**कोड:**
(a) 1 और 2 (b) 1 और 3
(c) 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

62. निम्नलिखित में से कौन केंद्रीय बजट की तैयारी और संसद में प्रस्तुति के लिए जिम्मेदार है?
(a) राजस्व विभाग (b) आर्थिक मामलों का विभाग
(c) वित्तीय सेवा विभाग (d) व्यय विभाग

63. भारत में विदेशी मुद्रा भंडार का रखरखाव कौन करता है?
(a) भारतीय रिजर्व बैंक (b) भारतीय स्टेट बैंक
(c) वित्त मंत्रालय, भारत सरकार
(d) भारतीय निर्यात-आयात बैंक

64. निगम कर:
(a) राज्यों द्वारा लगाया और विनियोजित किया जाता है।
(b) संघ द्वारा लगाया जाता है और विशेष रूप से उसी का होता है।
(c) संघ द्वारा लगाया जाता है और राज्य द्वारा एकत्र और विनियोजित किया जाता है।
(d) संघ द्वारा लगाया जाता है और संघ और राज्यों द्वारा साझा किया जाता है।

65. वस्तुओं और सेवाओं के सामान्य मूल्य स्तर में लगातार गिरावट को कहा जाता है:
(a) अपस्फीति (b) विस्फीति
(c) मुद्रास्फीतिजनित मंदी (d) अवसाद

66. निम्नलिखित में से कौन विश्व बैंक का गठन करता है?
1. पुनर्निर्माण और विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय बैंक
2. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष 3. अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम
4. अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ
**कोड:**
(a) 1, 2, 3 (b) 1 और 2
(c) 1, 3 और 4 (d) केवल 2

67. अनुसूचित और गैर-अनुसूचित बैंकों से संबंधित निम्नलिखित कथन पर विचार करें:
1. वे बैंक, जिन्हें RBI अधिनियम 1934 की दूसरी अनुसूची में शामिल किया गया है, अनुसूचित बैंक कहलाते हैं।
2. जो बैंक RBI अधिनियम 1934 की तीसरी अनुसूची में शामिल हैं, उन्हें अनुसूचित बैंक के रूप में जाना जाता है।
3. गैर-अनुसूचित बैंकों को सीआरआर शर्त से छूट दी गई है।
4. गैर-अनुसूचित बैंकों को सीआरआर के मानदंडों का पालन करना होगा लेकिन वे सीआरआर को अपने पास रख सकते हैं यानी इसे आरबीआई के पास जमा करने की आवश्यकता नहीं है।
कोड का उपयोग करके सही उत्तर चुनें:
(a) 1 और 4 (b) 1 और 3
(c) 2 और 3 (d) 2 और 4

**68.** किसी मुद्रा के मूल्यह्रास से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1. इसका तात्पर्य उस देश की मुद्रा के मूल्य में वृद्धि से है।

2. यह फायदेमंद हो सकता है क्योंकि यह मूल्यह्रास मुद्रा में निर्यात को कम महंगा बनाता है।

3. यह तभी होता है, जब विनिमय दरों में बदलाव के कारण, एक मुद्रा की एक इकाई दूसरी मुद्रा की कम इकाइयाँ खरीदती है।

**सही विकल्प चुनें:**

(a) केवल 1 (b) 2 और 3
(c) केवल 2 (d) ये सभी

**69.** किसी अर्थव्यवस्था को अत्यधिक गरम कहा जाता है:

1. कुल मांग कुल आपूर्ति से अधिक है।
2. मुद्रास्फीति का दबाव बनना।
3. कुल आपूर्ति कुल मांग से अधिक है।
4. शेयर बाजार का गिरना।

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही है?

(a) केवल 1 (b) 1, 2 और 3
(c) 1 और 4 (d) 1 और 2

**70.** एचडीआई के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं:

1. यूएनडीपी द्वारा प्रकाशित मानव विकास रिपोर्ट
2. इसमें जीवन प्रत्याशा, आय सूचकांक, शिक्षा सूचकांक जैसे तीन सूचकांक शामिल हैं।
3. इसे पाकिस्तानी अर्थशास्त्री महबूब हक ने पेश किया था।
4. एचडीआई तीन सूचकांकों का ज्यामितीय माध्य है

सही विकल्प चुनें:

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) केवल 4 (d) उपरोक्त सभी

**71.** निम्नलिखित में से कौन-से वर्टीब्रेआ (कशेरुकी) फाइलम के हिस्से हैं?

1. मत्स्य (Pisces) 2. जल-स्थलचर (Amphibia)
3. सरीसृप (Reptilia) 4. पक्षी (Aves)
5. स्तनपायी (Mammalia)

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-

(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 3, 4 और 5 (d) 1, 2, 3, 4 और 5

**72.** रसधानियों (Vaculoes) के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(a) जंतु कोशिकाओं में ये छोटी, जबकि पादप कोशिकाओं में बहुत बड़ी होती है।
(b) ये केवल पादप कोशिकाओं में उपस्थित होती है।
(c) ये एककोशिक जीवों में अनुपस्थित होती हैं।
(d) इनमें से कोई नहीं

**73.** इंसुलिन हार्मोन के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है?

(a) इंसुलिन एक प्रोटीन हार्मोन है, जो मानव शरीर में उत्पादित नहीं होता है।
(b) इंसुलिन एक स्टेरॉड हार्मोन है, जो मानव शरीर में उत्पादित होता है।
(c) इंसुलिन एक कोलेस्टेरॉल-प्रेरित हार्मोन है, जो मानव को दिया जाता है।
(d) इंसुलिन एक प्रोटीन हार्मोन है, जो मानव शरीर में उत्पादित होता है।

**74.** रक्तदाब के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. रक्तदाब धमनियों की अपेक्षा शिराओं में अधिक होता है।
2. मनुष्य में सामान्य प्रकुंचन दाब 120 mm (पारा) और अनुशिथिलन दाब लगभग 80 mm (पारा) होता है।
3. इसको मापने के लिये स्फाइग्मोमैनोमीटर (Sphygmoman-ometer) नामक यंत्र का उपायेग किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

**75.** छोटी आंत की आंतरिक परत पर उंगली जैसे प्रक्षेप ''विली'' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है।

(a) वे भोजन को अम्लीय बनाते हैं
(b) वे अवशोषण के लिए सतह क्षेत्र में वृद्धि करते हैं
(c) वे प्रोटीन के टूटने के लिए जिम्मेदार हैं
(d) यह भोजन चाइम को समर्थन प्रदान करता है।

**76.** निम्नलिखित में से कौन सरल अकार्बनिक पदार्थों में अपरद को कम करने के लिए बैक्टीरिया और कवक एंजाइमों की क्रिया का वर्णन करता है?

(a) लीचिंग (b) किण्वन
(c) अपचय (d) मेटाबोलिज्म

**77.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये-

| | **एन्जाइम** | | **कार्य** |
|---|---|---|---|
| 1. | एमाइलेज | : | वसा का वसा-अम्ल और ग्लिसरॉल में परिवर्तन |
| 2. | लाइपेज | : | स्टार्च का माल्टोस में परिवर्तन |
| 3. | ट्रिप्सिन | : | प्रोटीन का पेप्टाइड्स में परिवर्तन |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

**78.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से 'कशेरूक दंड' का/के कार्य नहीं है/हैं?

1. गर्दन व धड़ को आधार प्रदान करना।
2. अगले तथा पिछले पादों के लिये फलक्रम (fulcrum) का कार्य करना।
3. सिर को साधे रखना।
4. हृदय तथा फेफड़ों को सुरक्षा प्रदान करना।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये।

(a) केवल 2 और 3 (b) केवल 4
(c) केवल 1 और 3 (d) केवल 2

**79.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही नहीं है?

(a) दालों में प्रोटीन की प्रचुरता होती है।
(b) दूध विटामिन A का समृद्ध स्रोत होता है।
(c) अनाज कार्बोहाइड्रेट के अत्यंत अल्प स्रोत होते हैं।
(d) सब्ज़ियाँ खनिजों का समृद्ध स्रोत होती हैं।

**80.** पौधों की पत्तियाँ श्वसन की प्रक्रिया में वायु को अंदर लेती हैं। इस प्रक्रिया के अगले चरण में पत्तियाँ निम्नलिखित में से क्या करती हैं?

(a) कार्बन डाइऑक्साइड का उपोग करती हैं तथा ऑक्सीजन वायु में निष्कासित करती हैं।
(b) ऑक्सीजन का उपयोग करती हैं तथा कार्बन डाइऑक्साइड वायु में निष्कासित करती हैं।
(c) ऑक्सीजन व कार्बन डाइऑक्साइड दोनों का उपायोग करती है।
(d) ऑक्सीजन व कार्बन डाइऑक्साइड दोनों वायु में निष्कासित करती हैं।

81. इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली की दक्षता बढ़ाने और टोल प्लाजा पर निर्बाध आवाजाही की सुविधा प्रदान करने के लिए ...........द्वारा 'एक वाहन, एक फास्टैग' पहल शुरू की गई है।
(a) राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड
(b) भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(c) भारत का सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
(d) महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम

82. नई शिक्षा नीति के तहत, भारत सरकार ने ............. को भारत की नौ शास्त्रीय भाषाओं में से एक के रूप में शामिल करने का निर्णय लिया है।
(a) अरबी (b) फारसी (c) फ्रेंच (d) स्पैनिश

83. गुजरात में किस स्थान पर 800 ईसा पूर्व की मानव बस्ती के अवशेष पाए गए हैं?
(a) वडनगर (b) राजकोट (c) सूरत (d) पोरबंदर

84. पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई को सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार .... ................ मिलेगा।
(a) मध्य प्रदेश (b) उत्तर प्रदेश (c) असम (d) मणिपुर

85. एनएएम शिखर सम्मेलन का कौन सा संस्करण 19 जनवरी 2024 को युगांडा के कंपाला में शुरू हुआ?
(a) 17वां (b) 18वां (c) 19वां (d) 20वां

86. निम्नलिखित में से किन हवाई अड्डों ने नागरिक उड्डयन क्षेत्र में "विंग्स इंडिया अवार्ड्स" के चौथे संस्करण में संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डे का पुरस्कार जीता है?
1. बेंगलुरु हवाई अड्डा 2. दिल्ली हवाई अड्डा
3. हैदराबाद हवाई अड्डा
**निम्नलिखित कोड का उपयोग करके सही उत्तर चुनें।**
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

87. मेडिकल उत्पाद विनियमन में सहयोग के लिए भारत और ........... ......के बीच आशय ज्ञापन (एमओआई) को मंजूरी दे दी गई।
(a) नॉर्वे (b) नीदरलैंड (c) नाइजीरिया (d) बुल्गारिया

88. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?
1. शिक्षा मंत्रालय द्वारा घोषित नए दिशानिर्देशों के अनुसार, कोचिंग सेंटर 14 वर्ष से कम उम्र के छात्रों का नामांकन नहीं कर सकते हैं।
2. कोई भी कोचिंग सेंटर ग्रेजुएशन से कम योग्यता वाले ट्यूटर्स को नौकरी पर नहीं रखेगा।
**सही कोड चुनें:**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

89. शिक्षा की वार्षिक स्थिति रिपोर्ट, जिसका शीर्षक 'एएसईआर 2023: बियॉन्ड बेसिक्स' है, जारी की गई। निम्नलिखित कथनों में से कौन सही है?
1. 14-18 आयु वर्ग के लगभग चार में से एक बच्चा भी अपनी क्षेत्रीय भाषा में कक्षा II स्तर का पाठ धाराप्रवाह नहीं पढ़ सकता है।
2. सर्वेक्षण में मापने के लिए चार व्यापक बकेट हैं - गतिविधि, आकांक्षा, सामान्य रूप से जागरूकता और क्षमता।
**सही कोड चुनें:**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 (d) इनमे से कोई भी नहीं

90. ................ ने भारत से परे देशों में यूपीआई का विस्तार करने के लिए एनपीसीआई इंटरनेशनल के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
(a) फोनपे (b) गूगल पे इंडिया (c) फ्रीचार्ज (d) पेटीएम

91. जापानी अंतरिक्ष यान स्मार्ट लैंडर फॉर इन्वेस्टिगेटिंग मून (एसएलआईएम) चंद्रमा पर उतरा, जिससे जापान चंद्रमा की सतह तक पहुंचने वाला ........... देश बन गया।
(a) तीसरा (b) चौथा (c) पांचवा (d) छठा

92. प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024 के लिए कितने बच्चों का चयन किया गया है?
(a) 21 (b) 24 (c) 12 (d) 19

93. 21 जनवरी को, केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी ने ............. में सालार जंग संग्रहालय में पांच नई दीर्घाओं का उद्घाटन किया।
(a) हैदराबाद (b) बंगलोर (c) चेन्नई (d) पुणे

94. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?
1. शीत युद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र द्वारा 90,000 सैनिकों के साथ सबसे बड़ा अभ्यास आयोजित किया जाएगा।
2. स्टीडफास्ट डिफेंडर 2024 अभ्यास मई तक चलेगा।
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

95. 'एन अनकॉमन लव: द अर्ली लाइफ ऑफ सुधा एंड नारायण मूर्ति' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?
(a) चित्रा बनर्जी दिवाकरुनि (b) सुधा बनर्जी
(c) रीता सेठ (d) अंजलि कुमारी

96. टाटा समूह ने ............... के लिए 5-वर्षीय आईपीएल प्रायोजन अधिकार जीते।
(a) $300 मिलियन (b) $400 मिलियन
(c) $500 मिलियन (d) $600 मिलियन

97. एएन-32 कूरियर सेवा हाल ही में शुरू की गई है। एएन-32 कूरियर सेवा का उद्देश्य .................... से कनेक्टिविटी में सुधार करना है।
(a) चंडीगढ़ (b) कारगिल (c) श्रीनगर (d) अमृतसर

98. 'एक्सरसाइज खंजर' का 11वां संस्करण भारत के किस राज्य में शुरू हुआ?
(a) हिमाचल प्रदेश (b) राजस्थान
(c) अरुणाचल प्रदेश (d) ओडिशा

99. ................ की मधिका भाषा विलुप्त होने के कगार पर है।
(a) केरल (b) कर्नाटक
(c) ओडिशा (d) तमिलनाडु

100. 16 साल की बातचीत के बाद, भारत और .............. मुक्त व्यापार समझौते पर सहमत हुए हैं।
(a) स्विट्जरलैंड (b) ऑस्ट्रिया (c) फिनलैंड (d) नॉर्वे

# KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform

Download The
Khan Global Studies App



GET IN ON Google Play

Download on the App Store

Our Centres

Patna Delhi Prayagraj
Jaipur Dehradun

Visit Us

YouTube Website Telegram Whatsapp

For more informaiton: 8757354880 | enquiry@khanglobalstudies.com